# दिनांक 27.08.2026 को अपरान्ह 12.00 से आयोजित जल जीवन मिशन कार्यक्रम/जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्तः—

दिनांक 27.08.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे मा0 प्रधानमंत्री एवं मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन/जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद की अध्यक्षता में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आहूत की गयी, जिसके दौरान परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, जलापूर्ति, गुणवत्ता परीक्षण, सड़क पुनर्स्थापन, भूमि सम्बन्धी प्रकरणों तथा अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें अधिकारी/कर्मचारीयों की उपस्थिति निम्नवत रहीः—

1. श्री जैपाल सिंह, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
2. जिला पंचायत राज अधिकारी, गाजियाबाद।
3. श्री रवि कुमार वर्मा, सहायक अभियन्ता, जल निगम
4. श्री आनन्द कुमार, अवर अभियन्ता, जल निगम
5. श्री रवि कुमार, अवर अभियन्ता, जल निगम
6. श्री अंकुर सिंघल, सहायक मैनेजर, मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा0 लि0
7. श्री प्रवीन कुमार, स्थल प्रबन्धक
8. श्री अनुराग शुक्ला, सी0बी0एण्ड0टी0
9. श्री आशीष कुमार गौड़ डी0पी0एम0यू0 (डी0सी0)
10. श्री पी0गोविन्द, डी0पी0एम0/टी0पी0आई0

**जनपद—गाजियाबाद।**

जनपद में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत कुल 128 परियोजनाओं पर स्वीकृति प्राप्त हुई है, जो विकास खण्डवार निम्न प्रकार हैः—

| क0 सं0 | विकास खण्ड का नाम | परियोजनाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | भोजपुर | 36 |
| 2 | मुरादनगर | 28 |
| 3 | रजापुर | 37 |
| 4 | लोनी | 27 |
| | **योग** | **128** |




बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद गाजियाबाद में 147 ग्रामों को पेयजल से आच्छादित करने हेतु 128 नग पेयजल योजना स्वीकृत है, जिनमें से 60 पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण करते हुए उनका संचालन एवं रखरखाव कर 68 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। अवशेष 68 नग निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के कार्य प्रगति पर है, जिसमें 43 पेयजल योजनाओं में सीधे नलकूप के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति भी की जा रही है, उक्त अवशेष योजनाओं के कार्य प्राथमिकता के आधार पर माह मार्च, 2027 तक पूर्ण करा दिये जाएगे। जिन ग्राम पंचायतों में परियोजनाओं का संचालन एवं रखरखाव का कार्य कराया जा रहा है। वहाँ—वहाँ टी0पी0आई0 जॉच कर सुनिश्चित करें की सभी घरों में पेयजलापूर्ति हो रहीं तथा रोड रिस्टेटमेंट शतप्रतिशत पूर्ण कराया जा चुका है। उक्त की संयुक्त रिपोर्ट 10 सितम्बर तक उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण)/टी0पी0आई0)**

मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा0 लि0, अहमदाबाद के श्री अंकुर सिंघल, सहायक मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 128 नग नलकूपों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। प्रस्तावित 125 उच्च जलाशयों के सापेक्ष 115 नग ओवरहेड टैंक का निर्माण पूर्ण हो चुका है शेष 10 नग ओवरहेड टैंक निर्माणाधीन हैं। 128 परियोजनाओं में से 60 परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं, जिनके द्वारा ग्रामवासियों को जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने की प्रगति की समीक्षा में पूर्व में 777 कि०मी० के सापेक्ष वर्तमान में 765 कि०मी० पाइप लाइन बिछाई गयी है तथा शेष कार्य माह सितम्बर 2026 तक पूर्ण कर लिया जाये। लगभग 88774 पेयजल हाउस कनेक्शन प्रदान किये जा चुके हैं। माह अगस्त में 05 योजनाओं का कार्य पूर्ण कर संचालन एवं रखरखाव प्रारम्भ किया जा चुका है। साथ ही मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा0 लि0, अहमदाबाद के श्री अंकुर सिंघल, सहायक मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 120 ग्रामों में रोड रिस्टेटमेंट का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। टी0पी0आई0 को उक्त की जाँच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही–उप महाप्रबन्धक, मैसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि०/टी0पी0आई0)**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि आई0जी0आर0एस0 एवं पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण सत्यापन के उपरान्त ही किया जाए।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण)**

मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा0 लि0, अहमदाबाद के श्री अंकुर सिंघल निर्देशित किया गया कि जो योजना 90 से 95 प्रतिशत प्रगति की सूची में है। उक्त योजनाओं 15 सितम्बर 2026 तक शतप्रतिशत करा लिया जाये। साथ ही मैसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0, अहमदाबाद के श्री अंकुर सिंघल, सहायक मैनेजर को पेयजल योजनाओं को पूर्ण कराने हेतु मैन पावर बढाने हेतु निर्देश दिये तथा उक्त की सूचना प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण)/उप महाप्रबन्धक, मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा प्रा0लि0)**

मैसर्स एल0सी0 इन्फ्रा0 प्रा0लि0, टी0पी0आई0 एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि कार्य पूर्ण एवं रखरखाव एवं संचालन में गयी पेयजल योजनाओं में नियमित रूप से क्लोरीन युक्त जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा आगामी बैठक में अद्यतन प्रगति पुस्तिका एवं आख्या सहित प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

(कुमार सौरभ)
आई0ए0एस0
मुख्य विकास अधिकारी,
गाजियाबाद।

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद।

पत्रांक /जल जीवन मिशन/2026–27 दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद।
2. जिला विकास अधिकारी, गाजियाबाद।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गाजियाबाद।
4. सभी सम्बन्धित प्रतिभागी अधिकारी/कर्मचारी/संस्था के प्रतिनिधि को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ।

Digitally signed by
KUMAR SAURABH
Date: 08-09-2026
17:55:29

मुख्य विकास अधिकारी,
गाजियाबाद।